प्रेषक,

**निदेशक,**
प्रशासन एवं विकास
पशुपालन विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रभारी, पशुधन प्रसार अधिकारी,
प्रशिक्षण केन्द्र,

1. परियोजना निदेशक वृहद भेड प्रजनन प्रक्षेत्र नौगढ चन्दौली।
2. संयुक्त निदेशक, अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र निबलेट–बाराबंकी।
3. संयुक्त निदेशक, पशुधन प्रसार अधिकारी प्रशिक्षण केन्द्र महानगर लखनऊ।
4. संयुक्त निदेशक/मुख्य पशुचिकित्साधिकारी अलीगढ/ शामली।
5. प्रधानाचार्य आदर्श प्रशिक्षण एवं उत्पादन केन्द्र बक्शी का तालाब, लखनऊ।

संख्या / स्था0–2/1–ख /13(2183)/2014 दिनांक 09-10-2015

**विषयः–** **पशुधन प्रसार अधिकारी के द्विवर्षीय प्रशिक्षण की परीक्षा के संबंध में।**

महोदय,

जैसा कि आप अवगत है कि पशुधन प्रसार अधिकारी का द्विवर्षीय प्रशिक्षण चल रहा है। शासनादेश संख्या–4014/37–1 2014–2(43)/2014 टी0सी0 दिनांक 29.10.2014 के अनुपालन में प्रत्येक चरण के अंत में परीक्षा कराया जाना प्राविधानित है। जिसके अनुपालन में आपके द्वारा प्रथम दो चरणों की परीक्षा ली जा चुकी है। परीक्षा कराने के परिपेक्ष्य में शासनादेश दिनांक 29.10.2014 के प्रस्तर–4 के अनुसार निदेशक पशुपालन द्वारा मूल्यांकन प्रकिया का निर्धारण किया जाना है।

प्रथम बैच जिनका सैद्धान्तिक प्रशिक्षण का दो माह का तृतीय चरण दिनांक 31.10.2015 को समाप्त हो रहा है की परीक्षा दिनांक 04नवम्बर 2015 को प्रशिक्षण केन्द्रों पर करायी जायेगी जिसमें प्रश्न पत्र का समय 3 घंटा एवं पूर्णाक 100 अंक, के होगें। प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ/लिखित संक्षिप्त प्रश्न होंगे।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप तृतीय चरण के पाठयक्रम में से प्रश्नपत्र वस्तुनिष्ठ/लिखित तैयार कर तीन दिन में सील बन्द लिफाफे में विशेष पत्र वाहक द्वारा अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। तदनुसार परीक्षा कराये जाने की तत्काल पूर्ण तैयारी करते हुए प्रशिक्षणार्थियों को भी अपने स्तर से अवगत कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

**(डा0 राजेश बाबू)**
निदेशक,
प्रशासन एवं विकास।

संख्या 4170/ स्था0–2/1–ख /13(2183) दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त अपर निदेशक ग्रेड–2 (सहारनपुर मण्डल को छोडकर), पशुपालन विभाग को इस आशय से प्रेषित कि अपने स्तर से अपने अपने मण्डल के प्राशिक्षणर्थियों की परीक्षा कराये जाने की सूचना से यथाशीघ्र अवगत कराना सुनिश्चित करें।
2. प्रमुख सचिव, पशुधन उत्तर प्रदेश, शासन लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

**(डा0 राजेश बाबू)**
निदेशक,
प्रशासन एवं विकास।